Roll No. | | | | | | | |

DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE
PERIODIC ASSESSMENT- III [2023-24]

- **Please Check that this question paper contains printed 02 pages.**
- **Check that this question paper contains 11 questions.**
- **Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.**

CLASS -IX
SUB: HINDI(B)

Time: 1hour 30mins **Maximum Marks: 40**

सामान्य निर्देश:-
1.इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं-क, ख, ग, घ ।
2.चार खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
3.प्रत्येक भाग के उत्तर क्रमशः दीजिए ।

(खंड-क)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिखिए** :- **(1×5=5)**

भारतीय समाज की संस्कृति अध्यात्म-प्रधान संस्कृति कही जाती है, जबकि पाश्चात्य संस्कृति को भौतिकता प्रधान संस्कृति के रूप में देखते हैं। अध्यात्म-प्रधान संस्कृति से तात्पर्य अभौतिकतावादी दृष्टिकोण को अत्यधिक महत्त्व मिलने से है। प्राचीनकाल से ही भारतीय संस्कृति में विश्वास, भावना, आस्था, धर्म, रीति-रिवाजों, परंपराओं आदि का अत्यधिक महत्त्व रहा है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही लोगों ने इसे अध्यात्म प्रधान संस्कृति माना है। परंपरागत दृष्टिकोण के तहत हम अपने धार्मिक या आध्यात्मिक दर्शन को लेकर तथा बहुत हद तक अतीत के प्रति अत्यधिक अनुराग का भाव रखते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि वैज्ञानिक एवं तार्किक दृष्टिकोण अपनाकर हमें इस तथ्य का मूल्यांकन करना चाहिए कि 21वीं सदी में भी क्या 5वीं सदी की मान्यताओं को जारी रखा जाना चाहिए? आज जब दुनिया विज्ञान के दम पर चाँद ही नहीं, सूर्य को भी खंगालने की कोशिश कर रही है, मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने की कोशिश कर रही है, तब इन परिस्थितियों में धर्म या आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्त्व देना क्या प्रासंगिक एवं बुद्धिमानी है ?

(क) भारतीय समाज की संस्कृति को क्या कहा जा सकता है और क्यों?
(ख) सामान्यतया भारतीय समाज के लोग अपने अतीत के प्रति किस तरह का भाव रखते हैं?
(ग) पाश्चात्य संस्कृति को किस रूप में देखा जाता है?
(घ) भारतीय लोगों के लिए आज किस बात की आवश्यकता है?
(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

(खंड-ख)

2. (क) वाक्य में प्रयुक्त सार्थक शब्द क्या कहलाते हैं? **(1)**
(ख) वर्णों के सार्थक मेल से क्या बनता है? **(1)**

3.(क) <u>नीचे दिए गए वाक्य में विराम चिह्नों का उचित प्रयोग करते हुए पुनः लिखिए</u>:- **(1×2=2)**

(i) माँ ने कहा, प्रकृति का हमेशा सम्मान करना चाहिए

(ii) हे भगवान गरीबों के दुख कम करो

4.(क) <u>दिए गए शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए</u>- **(1×2=2)**

(i) गणेश (ii) लोकैषणा

(ख) <u>दिए गए शब्द के संधि कीजिए</u>:- **(1)**

प्रति+एक

5. **<u>अर्थ के आधार पर नीचे दिए गए वाक्यों के भेद लिखिए</u>-** **(1×3=3)**

(क) राम जा रहा है ।

(ख) शायद, आज बारिश होगी ।

(ग) कल कौन आएगा?

(खंड-ग)

6. <u>नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए</u>:- **(1×4=4)**

(क) महादेव भाई ने गाँधी जी की कौन-सी प्रसिद्ध पुस्तक का अनुवाद किया था?

(ख) महादेव भाई अपना परिचय किस रूप में देते थे?

(ग) गाँधी जी किन दो पत्रिकाओं का संपादन किया करते थे?

(घ) गाँधी जी से मिलने से पहले महादेव भाई कहाँ नौकरी करते थे?

7. <u>नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दीजिए</u> :- **(3×1=3)**

काम में रात और दिन के बीच महादेव के लिए शायद ही कोई फ़र्क रहा हो-कथन के आलोक में महादेव भाई की व्यस्त जीवन शैली पर प्रकाश डालिए।

8. <u>नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए</u>:- **(1×4=4)**

(क) कवि 'एक पत्र छाँह' भी माँगने से मना करता है, ऐसा क्यों?

(ख) कवि ने 'अग्निपथ' किसके प्रतीक स्वरूप प्रयोग किया है?

(ग) 'अग्निपथ' कविता के कवि ने महान दृश्य किसे कहा है?

(घ) कवि के अनुसार जीवन पथ पर हम किससे सराबोर होते हुए आगे बढ़ते हैं?

9. <u>नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दीजिए</u> :- **(3×1=3)**

कवि मनुष्य से क्या अपेक्षा करता है? 'अग्निपथ' कविता के आधार पर लिखिए।

10. **<u>'संचयन' पाठ के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए</u>:-** **(3×2=6)**

(क) त्रिपुरा 'बहुधार्मिक समाज' का उदाहरण कैसे बना?

(ख) कैलासशहर के जिलाधिकारी ने आलू की खेती के विषय में लेखक को क्या जानकारी दी?

(खंड-घ)

11.**<u>निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में संवाद लिखिए</u>:-** **(5×1=5)**

बिजली की बार-बार कटौती से उत्पन्न स्थिति से परेशान महिलाओं की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

अथवा

नए विद्यालय में अपने पुत्र का दाखिला दिलवाने गए अभिवावक और प्रधानाचार्य के बीच हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लिखिए।